अवैध खनन | अफसरों की चुप्पी ने खोली सिस्टम की पोल

# रात-दिन बॉक्साइट की लूट

**नवभारत,कटनी।** स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में बॉक्साइट का अवैध खनन दिन नहीं, रात नहीं—लगातार चल रहा है, लेकिन हैरानी नहीं, शर्म की बात यह है कि पूरा प्रशासन आंखों पर पट्टी बांधे बैठा है। मौके का मुआयना बताता है कि यहां से हजारों हाइवा बॉक्साइट चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम निकाला जा चुका है।

यह खनन किसी अंधेरे कोने में नहीं, बल्कि शासकीय भूमि पर भारी मशीनों के साथ हुआ है। इसके बावजूद हल्का पटवारी और आरआई की भूमिका सीधे तौर पर संदिग्ध है। सवाल सीधा है—इतना बड़ा खेल क्या इन्हें दिखाई नहीं दिया, या फिर जानबूझकर नजर अंदाज किया गया?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि थाना पुलिस पूरी तरह मौन साधे हुए है। पुलिस की मौजूदगी में हाइवा वाहन सड़कों पर दौड़ते रहे, लेकिन न जांच हुई, न कार्रवाई। यह चुप्पी अब केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संरक्षण का संकेत देती है। मामले में नायब तहसीलदार, तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी (स्ष्ठरू) भी कठघरे में हैं। खनिज अधिनियम उन्हें कार्रवाई का पूरा अधिकार देता है, फिर भी महीनों से कोई कदम नहीं उठाया गया। क्या प्रशासन ने जानबूझकर माफियाओं को खुली छूट दे रखी है? उधर खनिज निरीक्षक और खनिज अधिकारी तो मानो इस पूरे अवैध कारोबार के मौन भागीदार बन बैठे हैं। न निरीक्षण, न जप्ती, न प्रकरण—सिर्फ फाइलों में खामोशी। इस अवैध खनन से शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है, जबकि किसानों की जमीन तबाह, पर्यावरण बर्बाद और गांवों की सड़कें छलनी हो चुकी हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों का रवैया बेहद गैर-जिम्मेदार और संदिग्ध बना हुआ है।

### अब सवाल यह नहीं कि अवैध खनन हुआ या नहीं

सवाल यह है कि इतने बड़े स्तर पर खनन बिना प्रशासनिक मिलीभगत के कैसे संभव हुआ? अगर अब भी कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला सिर्फ खनन माफिया का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की साख पर सीधा हमला साबित होगा।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस रही अलर्ट

**कटनी, नवभारत।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शहर में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कटनी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। झिंझरी नाके पर यातायात पुलिस एवं झिंझरी चौकी पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध संयुक्त सघन चैकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, यातायात प्रभारी राहुल पांडेय तथा झिंझरी चौकी प्रभारी राजेश दुबे अपने स्टाफ के साथ मौके पर उपस्थित रहे। पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की और संदिग्ध चालकों की ब्रेथ एनालाइज़र से जांच की गई। चैकिंग के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों ने आमजन को समझाइश भी दी कि शराब पीकर वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाना न केवल चालक के लिए, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से नव वर्ष शांति, संयम और जिम्मेदारी के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की गई। पुलिस का यह अभियान देर रात तक जारी रहा, जिससे शहर में कानून-व्यवस्था बनी रहे और नव वर्ष का स्वागत सुरक्षित माहौल में हो सके।

## वूमंस ग्लोरी अवॉर्ड से जयपुर में सम्मानित हुई कवयित्री नीलिमा

फेम टाइम मैगजीन में भी टॉप 30 इंपैक्ट क्रिएटर वूमंस में मिला स्थान

**नवभारत,कटनी।** साहित्य और कविता लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नीलिमा पाठक सामंतरे को जयपुर में आयोजित समारोह में 'वुमन्स ग्लोरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड हाइपेज ग्रुप एवं शी इंस्पायर मैगजीन द्वारा ऐसी 10 वुमन्स को प्रदान किया गया जो समाज में प्रेरणादायक कार्य कर रही हैं। ग्लोरी अवार्ड समारोह के दौरान विशिष्ट हस्तियां मौजूद रही। बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्धा गोडसे, हाईपेज के सीईओ गौरव गौतम ने राइटर नीलिमा पाठक सामंतरे को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर इम्पैक्ट क्रिएटर समाज में परिवर्तन लाने वाली प्रभावशाली महिला श्रेणी में सम्मानित किया। इसके साथ ही नीलिमा का चयन फेम टाइम्स मैगजीन के लिए भी किया गया। इस मैगजीन में देश की चुनिंदा 30 बिजनेस वूमंस को शामिल किया गया है। उनका विशेष साक्षात्कार प्रकाशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नीलिमा पाठक सामंतरे को इसके पहले कविता लेखन के क्षेत्र में अनेक प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं। उनकी 350 से ज्यादा रचनाएं पब्लिक डोमेन में हैं। उनके काव्य संग्रह अहसास को पाठक वर्ग की खासी सराहना मिली है। नीलिमा पाठक सामंतरे साहित्य के साथ व्यवसायिक और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं।

## झिंझरी, कटनी में छह साल बाद फिर शुरू हुआ रुका हुआ आवासीय प्रोजेक्ट

**नवभारत,कटनी।** कटनी के झिंझरी क्षेत्र में लगभग छह वर्षों से रुका पड़ा आवासीय प्रोजेक्ट अब एक बार फिर शुरू हो गया है। यह परियोजना पूर्व ठेकेदार बलराम शुक्ला द्वारा अधूरी छोड़ दी गई थी। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार को कई बार काम दोबारा शुरू करने के लिए बुलाया गया, लेकिन इसके बावजूद कार्य फिर से प्रारंभ नहीं किया गया।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार, पूर्व ठेकेदार बलराम शुक्ला पर नगर निगम की ओर से लगभग सात करोड़ रुपये से अधिक की राशि के गबन के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस कारण से परियोजना लंबे समय तक ठप पड़ी रही और स्ढ्ढत्र व स्ढ्ढत्र वर्ग के हितग्राहियों को अपने मकानों के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ा। परियोजना की गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर निगम कटनी, मध्यप्रदेश शहरी प्रशासन एवं विकास विभाग (ष्ठष्ठ) तथा संबंधित सरकारी एजेंसियों ने

मिलकर इस योजना को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत स्ढ्ढत्र और स्ढ्ढत्र वर्ग के आवासीय विकास के लिए निविदा (टेंडर) प्रक्रिया शुरू की गई। पहले और दूसरे टेंडर में कोई भी डेवलपर आगे नहीं आया। इसके बाद तीसरे टेंडर में ही असोटेक विंडसर ग्रुप ने इस परियोजना में रुचि दिखाई और प्रक्रिया के तहत कार्यभार संभाला। इसके साथ ही वर्षों से अटकी इस योजना को नई दिशा मिली। ,असोटेक विंडसर ग्रुप को रियल एस्टेट क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों का अनुभव है। कंपनी ने नोएडा, गुरुग्राम सहित देश के कई प्रमुख शहरों और भारत के विभिन्न राज्यों में आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। अब यह ग्रुप झिंझरी, कटनी में इस परियोजना को एक आधुनिक गेटेड सोसाइटी के रूप में विकसित कर रहा है। प्रस्तावित सुविधाओं में स्विमिंग पूल, क्लबहाउस, बेहतर आंतरिक सड़कें, सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी अन्य सुविधाएँ शामिल हैं। मध्यप्रदेश सरकार और नगर निगम के सहयोग से असोटेक विंडसर ग्रुप द्वारा छह वर्षों से बंद पड़े इस प्रोजेक्ट को फिर से जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इस प्रयास से न केवल स्थानीय विकास को गति मिलेगी, बल्कि लंबे समय से प्रतीक्षारत हितग्राहियों को भी राहत मिलेगी।

## निगमायुक्त तपस्या परिहार की कर्मचारी हितैषी पहल

सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार 2 जनवरी को आयोजित होगा विशेष शिविर

**नवभारत,कटनी।** नगर निगम में वर्तमान में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा एक विशेष पहल करते हुए शुक्रवार 2 जनवरी 2026 को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रतिमाह शुक्रवार को शिविर आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

उपायुक्त ने बताया कि शिविरों के माध्यम से निगम के अधिकारियों की पेंशन, ग्रेच्युटी, एरियर, वेतन विसंगति, पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लंबित कर्मचारियों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने अथवा निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु बार-बार निगम कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए। शिविरों के आयोजन से पारदर्शिता के साथ समस्याओं का समाधान होगा तथा अधिकारी - कर्मचारियों में संतोष एवं विश्वास का वातावरण निर्मित होगा।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम की इस पहल से वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को बड़ी सुविधा मिलने के साथ-साथ लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की प्रक्रिया सुदृढ़ होगी।

## अवैध वैंडर काट रहे चांदी, रेलवे को हो रही राजस्व की हानि

**नवभारत,कटनी।** मुडवारा रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग का खेल खुलेआम जारी है। जानकारी के अनुसार, स्टेशन परिसर में कई पुराने स्टॉलों को बंद कर दिया गया था, लेकिन इन स्टॉलों से जुड़े वेंडर अब भी बिना अनुमति के सामान बेच रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वेंडर राजेंद्र सिंह भदौरिया और नमन के नाम से जुड़े हैं, जो रेलवे की अनुमति के बिना स्टेशन परिसर में खानपान सामग्री की बिक्री कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह पूरा अवैध वेंडिंग कारोबार स्थानीय अधिकारी और आरपीएफ कर्मियों के संरक्षण में चल रहा है। अधिकारियों की मौन स्वीकृति और उदासीनता के कारण स्टेशन परिसर में वेंडिंग माफिया सक्रिय हैं। नतीजा यह है कि रेलवे को राजस्व की भारी हानि हो रही है और स्टेशन परिसर में अनुशासनहीनता और अस्वच्छता बढ़ रही है। स्टॉल बंद, पर वेंडिंग जारी-रेलवे ने हाल ही में स्टेशन पर कई स्टॉलों को बंद किया था, लेकिन बंद स्टॉलों के वेंडर अब भी बिना लाइसेंस और बिना कार्ड

फाइल फोटो

के स्टेशन पर घूम-घूमकर वस्तुएं बेच रहे हैं। एमपीएस स्टॉल में वेंडर कार्डधारी कुछ विक्रेता कच्चे खाद्य पदार्थ जैसे केला, समोसा, आलू बंडा, अंडा, चावल आदि की खुले में बिक्री कर रहे हैं, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हो रहा है। यात्रियों की सुविधा पर असर-अवैध वेंडिंग के कारण स्टेशन परिसर में भीड़, गंदगी और अव्यवस्था बढ़ती जा रही है। यात्रियों का कहना है कि इन वेंडरों के कारण प्लेटफार्म पर आवाजाही में बाधा होती है और खाने-पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता पर भी संदेह रहता है।

स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि स्टेशन परिसर को अवैध वेंडिंग से मुक्त कराया जा सके और अधिकृत विक्रेताओं को ही व्यापार की अनुमति दी जाए। मामले की गंभीरता के बावजूद रेलवे प्रशासन अब तक मौन है। न तो आरपीएफ की ओर से कोई कार्रवाई की गई और न ही वाणिज्य विभाग ने हस्तक्षेप किया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कब तक यह अवैध वेंडिंग का खेल यूं ही चलता रहेगा, और कब रेलवे यात्री सुविधा एवं राजस्व की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगा।

### धोखाधड़ी से बचें, टाइगर रिज़र्व सफारी की बुकिंग केवल एमपी ऑनलाईन से करें

**कटनी।** वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश के समस्त टाइगर रिज़र्व में सफारी टिकटों की बुकिंग केवल एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही अधिकृत है। इसके अतिरिक्त किसी भी निजी वेबसाइट, मोबाइल ऐप या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म को सफारी बुकिंग की अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे माध्यमों से की जा रही बुकिंग अवैध है।

विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे भ्रामक नामों वाली अनधिकृत वेबसाइटों व ऐप्स से सतर्क रहें। यदि किसी पर्यटक ने ऐसे माध्यम से बुकिंग कराई है और धोखाधड़ी या आर्थिक नुकसान हुआ है, तो वह तत्काल संबंधित कार्यालय को सूचना दे। प्राप्त शिकायतों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु राज्य साइबर पुलिस सेल को भेजा जाएगा। वन विभाग ने कहा है कि पर्यटकों के हितों की सुरक्षा तथा पारदर्शी, सुरक्षित और वैधानिक सफारी बुकिंग व्यवस्था सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## वोल्टेज की समस्या से जनजीवन प्रभावित

**कटनी, नवभारत।** शहर के आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में स्थित मुहूर्त गार्डन के पीछे निवासरत परिवारों को पिछले कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझना पड़ रहा हैं। रहवासियों का आरोप है कि आज तक उन्हें शासकीय विद्युत मेन लाइन से विधिवत कनेक्शन नहीं मिल पाया है, जिसके चलते वे गंभीर वोल्टेज समस्या का सामना कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार कम व अस्थिर वोल्टेज के कारण घरेलू उपकरण आए दिन खराब हो रहे हैं। पंखे, कूलर, फ्रिज और अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामान ठीक से नहीं चल पा रहे, जिससे खासकर गर्मी के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का स्वास्थ्य और दैनिक घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। नगर पालिका निगम (ठेकेदार) के द्वारा लगभग 1 साल पहले खंबे और लाइन तो खींच दी पर आज तक जिम्मेदार विभाग कनेक्शन देने से बचते रहे हैं, जबकि वर्षों से यहां लोग स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग, नगर पालिका निगम कटनी से मांग की है कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए क्षेत्र का सर्वे कराया जाए और नियमों के तहत शासकीय मेन लाइन से कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, ताकि वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके और आमजन को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

चोरी | लाखों के उपकरण पार, सबूत मिटाने सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी ले उड़े

## शातिर चोरों ने 'साउंड सर्विस' दुकान को बनाया निशाना

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला राघव एजेंसी के पास स्थित 'देव साउंड सर्विस' का है, जहाँ मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया।

### रात को दी वारदात को अंजाम

दुकान के संचालक ऋतिकेश निषाद ने बताया कि वे मंगलवार शाम को अपनी दुकान नियमानुसार बंद करके घर गए थे। बुधवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे, तो उन्होंने शटर का ताला टूटा हुआ और शटर आधा खुला

पाया। दुकान के अंदर जाने पर पता चला कि साउंड सिस्टम से जुड़े कीमती सामान, एम्पलीफायर और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण गायब थे।

### पहचान छिपाने के लिए हार्ड डिस्क ले गए चोर

चोरों ने इस वारदात को बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया है। अपनी पहचान छुपाने और पुलिस से बचने के लिए चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर से हार्ड डिस्क भी निकाल कर अपने साथ ले गए। संचालक के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों में है।

### पुलिस कर रही है मामले की जांच

घटना की सूचना मिलते ही एनकेजे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने संचालक की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का कोई सुराग मिल सके।

## नशे के विरोध में नववर्ष पर उमरियापान पुलिस ने खोला मोर्चा

**नवभारत उमरियापान।** उमरियापान पुलिस ने नये वर्ष के आगमन के पहले नशे के विरोध में विशेष अभियान चलाते हुए अपनी कानून व्यवस्था को और मजबूत किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्ग निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में विशेष अभियान के तहत चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है सुरक्षा की दृष्टि से नये वर्ष के आगमन को लेकर आम नागरिकों की सुरक्षा शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के विरोध में ये अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत होटल रेस्टोरेंट बाजार ढाबों एवं रेलवे स्टेशन अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सघनता से निगरानी एवं चैकिंग की जा रही है सार्वजनिक स्थलों पर नशा एवं अवैध शराब मादक पदार्थों के क्रय विक्रय में उन व्यक्तियों पर कार्यवाही की जायेगी जो इस कारोबार में संलिप्त हैं। पुलिस के द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है मोटर व्हीकल एक्ट नियमों का उल्लंघन करने पर एवं अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024